April – 2022 (Jan-Mar 2022)
Vol. SHQ-BSGUP -004

BHARAT SCOUTS & GUIDES
UTTAR PRADESH

"तेजल"

त्रैमासिक पत्रिका

" कमज़ोर आदमी हर काम को असम्भव समझता है जबकि वीर साधारण"

पंडित मदन मोहन मालवीय जी"

State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

Glimpses of Various Activities

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH

April – 2022 (Jan-Mar 2022)

Vol. SHQ-BSGUP -004

संपादक मण्डल

❑ **संरक्षक**

डॉ० महेन्द्र सिंह

अध्यक्ष

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **मुख्य सम्पादक**

डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)

प्रादेशिक मुख्यायुक्त

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सलाहकार**

ललिता प्रदीप

प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

आलोक कुमार अग्रवाल

प्रादेशिक कोषाध्यक्ष

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सम्पादक**

आनन्द सिंह रावत

प्रादेशिक सचिव

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **सह – सम्पादक**

कुसुम मनराल

संयुक्त प्रादेशिक सचिव

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

❑ **डिज़ाइन एवं तकनीक**

अदनान हाशमी

सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

छवि चतुर्वेदी – कार्यालय सहायक

"I believe that God put us in this jolly world to be happy and enjoy life"

- Lord Robert Baden-Powell

CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत - 3
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज - 4
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 5
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 11
❖ लेख एवं कहानियां - 26

प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...

डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

मात्र शैक्षिक गतिविधियों के द्वारा बालक एंव बालिकाओं को केवल पुस्तकीय ज्ञान देकर उनका सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। केवल शैक्षिक गतिविधियों से प्राप्त शिक्षा एकांगी हो जाती है। अतः बालक एंव बालिकाओं के सर्वांगीण विकास एंव उन्हें सुयोग्य नागरिक बनाने हेतु विद्यालयों में सह शैक्षिक गतिविधियों की आवश्यकता है। स्काउटिंग/गाइडिंग इसके लिए एक सशक्त माध्यम है तथा शिक्षा का एक सम्पूर्ण पूरक कार्यक्रम है। स्काउटिंग एंव गाइडिंग के प्रशिक्षण से बालक एंव बालिकाओं में निहित छिपी विभिन्न प्रतिभाओं, को बाहर निकालने का अवसर मिलता है साथ ही उनके मानसिक, शारीरिक, नैतिक, आध्यात्मिक तथा सामाजिक मूल्यों का विकास भी होता है। यही नहीं स्काउटिंग और गाइडिंग द्वारा बालक/बालिकाओं में अनुशासन का प्रशिक्षण, नेतृत्व का विकास, चरित्र निर्माण, समानता एंव सहनशीलता की भावना, श्रम के प्रति निष्ठा, स्वावलम्बन, राष्ट्रीय एकता की भावना तथा पर्यावरण व पशु–पक्षियों के प्रति करूणा आदि के गुण समाहित किए जाते हैं। स्पष्ट है कि स्काउटिंग, शिक्षा को व्यवहारिक रूप प्रदान कर न्यूनतम संसाधनों में उच्च स्तरीय जीवन विकसित करने की कला है।

इतना ही नहीं जहॉ कबिंग, स्काउटिंग व रोवरिंग, आयु वर्ग के अनुसार युवाओं तक मनोवैज्ञानिक व्यवहार आधारित व्यक्तित्व विकास की शिक्षा देनें में तत्पर व सक्रिय है वहीं ब्लू वर्ल्ड अर्थात् बुलबुल, गाइडिंग व रेंजरिंग बालिकाओं को भी समानान्तर प्रणाली से ही सुनागरिकता की शिक्षा के द्वारा व्यवहारिक ज्ञान देने हेतु नारी सशक्तिकरण की दशा में क्रियाशील है।

अतः विद्यालयों में अध्ययनरत् बालक/बालिकाओं के समग्र विकास के लिए तथा देश के सुयोग्य, सेवाभावी तथा अनुशासित नागरिक तैयार करने के लिए सभी बालक/बालिकाओं को स्काउटिंग/गाइडिंग से जोडना अत्यन्त आवश्यक है।

मेरा सभी जिला संस्थाओं एंव स्काउटिंग से जुड़े समस्त पदाधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने–अपने क्षेत्रो में स्काउटिंग का प्रचार एंव प्रसार करने के लिए अपने सम्पूर्ण मनोयोग से कार्य करें ताकि अधिक से अधिक लोग स्काउटिंग से जुड़ सकें तथा प्रदेश संस्था अपने उत्तरदायित्व का वहन करने में सफल हो सके।

मुझे विश्वास है कि यह संगठन अपने कार्यों एंव व्यवहार से समाज में अपनी छवि बनाने हेतु संकल्पित व संस्कारिक होकर अपनी उपादेयता को प्रमाणित करेगा। यही इस आंदोलन तथा संस्था की सार्थकता होगी।

" **तेजल** " का यह चतुर्थ अंक आप सभी के लिए अवश्य रूचिकर एंव ज्ञान बर्धक होगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

(डा0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

एक झलक ...

प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत



प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा) में निर्माण कार्य प्रगति पर

एक झलक ...

प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण

एशिया पैसिफिक एवार्ड

भारत स्काउट और गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय और विश्व गाइड संगठन के संयुक्त तत्वाधान में गाइडिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सुश्री ललिता प्रदीप, प्रादेशिक आयुक्त (गाइड) एवं निदेशक, साक्षरता एवं प्राच्य भाषा, उत्तर प्रदेश को एशिया पैसिफिक लीडरशिप एवार्ड से सम्मानित किया गया | यह पुरस्कार दिनांक 26 मार्च 2022 को माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी द्वारा प्रदान किया गया |

प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति की बैठक

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति की बैठक जवाहर भवन स्थित सभागार में दिनाँक 28 मार्च 2022 को संपन्न हुई | बैठक की अध्यक्षता डॉ० प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त ने की | कार्यक्रम का संचालन श्री आनंद सिंह रावत प्रादेशिक सचिव द्वारा किया गया |
बैठक में वर्ष 2022-23 के भावी कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया गया | तथा प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र प्रयागराज एवं शीतलाखेत स्थित नवनिर्मित भवनों के निर्माण की आख्या प्रस्तुत की गई | इस अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था में गत 10 वर्षो से लगातार सेवा कर रहे 41 स्काउटर / गाइडर को लॉन्ग सर्विस मैडल, बार टू द मेडल ऑफ़ मेरिट एवं मेडल ऑफ़ मेरिट से सम्मानित किया गया | इस अवसर पर डॉ० प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त जी ने संबोधित करते हुए कहा संस्था के प्रत्येक सदस्य को अपने कर्तव्य का पालन करते हुए संगठन को आगे बढाना है और नवाचार के माध्यम से संस्था की विज़िबिल्टी बढ़ानी है | इस अवसर पर श्री आलोक अग्रवाल, प्रादेशिक कोषाध्यक्ष एवं निदेशक कोषागार, उत्तर प्रदेश, श्री राजेश मिश्रा प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) सहित प्रादेशिक कार्यकारिणी के सदस्य एवं प्रादेशिक संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे |

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम - लाँग सर्विस मेडल

डॉ० शफ़ीउज़्ज़माँ - आजमगढ़

श्री मो० असरार – बदायूं

श्री सोमेन्द्र सिंह – मेरठ

श्रीमती पूनम रानी – मेरठ

श्रीमती रिंकू तोमर –गाज़ियाबाद

श्रीमती सत्या पाण्डेय – बस्ती

श्री शिव कुमार – गौतमबुद्धनगर

श्री कुलदीप सिंह – बस्ती

श्री अशोक कु०अवस्थी–कानपुर

श्री अशोक कुमार – बिजनोर

श्री प्रत्यूष रत्न पाण्डेय – लखनऊ

श्री सै.अनवर हुसैन – सोनभद्र

श्री ज़ैद बिन अली – अमरोहा

श्रीमती नीलिमा श्रीवास्तव –रायबरेली

श्री देवेन्द्र कु०बाजपेयी – रायबरेली

श्रीमती चमन शुक्ला – फरुखाबाद

श्रीमती संजू शंखवार – इटावा

श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव - SCO(G)

मेडल ऑफ़ मेरिट

श्री पुष्पकांत शर्मा – बरेली

श्री दिनेश सिंह – आजमगढ़

श्री बरसाती राही – अयोध्या

डॉ० मीना कुमारी – वाराणसी

श्रीमती रश्मि गुप्ता – बाराबंकी

श्रीमती साधना शर्मा – रायबरेली

डॉ० महेश कु०मुछाल – बागपत

डॉ० महेश बाबू – पीलीभीत

श्री रमेश चन्द्र वर्मा – हरदोई

डॉ० राजीव कुमार – संभल

श्री माता प्रसाद वर्मा – रायबरेली

श्री शत्रुधन सिंह – रायबरेली

मतदाता जागरूकता पुरस्कार

श्री आनन्द सिंह रावत – प्रादेशिक सचिव

श्री राजेन्द्र सिंह हंसपाल – प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्का०)

बार टू द मेडल ऑफ़ मेरिट

श्री शिव शरण सिंह – रायबरेली

श्रीमती निरुपमा बाजपेयी – रायबरेली

श्री शशि कुमार शर्मा – कानपुर देहात

श्रीमती अर्चना गुप्ता – झाँसी

श्री कान्ति देवी गुप्ता – रायबरेली

प्रादेशिक स्काउट/गाइड समिति की बैठक

प्रादेशिक स्काउट/गाइड समिति की बैठक दिनांक 26.03.2022 को प्रादेशिक मुख्यालय, लखनऊ में क्रमश: सुश्री ललिता प्रदीप प्रादेशिक आयुक्त (गाइड) एवं डॉ० राजेश मिश्रा प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

प्रादेशिक वित्त समिति बैठक

प्रादेशिक वित्त समिति की बैठक दिनांक 27.03.2022 को प्रादेशिक मुख्यालय, लखनऊ में माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर वित्त समिति के सचिव श्री आलोक अग्रवाल, प्रादेशिक कोषाध्यक्ष एवं निदेशक कोषागार, उ०प्र० उपस्थित रहे।

सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की मासिक बैठक

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ॰ प्रभात कुमार जी की अध्यक्षता में समस्त जनपद की स्काउट/गाइड गतिविधियों की समीक्षा हेतु सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की विभिन्न बैठके आयोजित की गई | जिसमे माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ॰ प्रभात कुमार जी के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये |



जनवरी 2022

माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ॰ प्रभात कुमार जी की अध्यक्षता में दिनांक 12 एवं 13 जनवरी 2022 को सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की मासिक बैठक वर्चुअल स्वरुप में आयोजित की गई | जिसमे प्रादेशिक मुख्यालय के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे |

फरवरी 2022

माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ॰ प्रभात कुमार जी की अध्यक्षता में दिनांक 20 फरवरी 2022 को सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की मासिक बैठक राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान, निशातगंज लखनऊ में आयोजित की गई |

मार्च 2022

माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ॰ प्रभात कुमार जी की अध्यक्षता में दिनांक 26 मार्च 2022 को सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की मासिक बैठक प्रादेशिक मुख्यालय, गोल मार्केट महानगर लखनऊ में आयोजित की गई |

राष्ट्रीय ट्रेनर मीट

भारत स्काउट और गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय के तत्वाधान में दिनांक 09 से 13 फरवरी की अवधि में ट्रेनर्स मीट का आयोजन राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पंचमरी, मध्य प्रदेश में किया गया | जिसमे भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश से श्री अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) के नेतृत्व में श्री हरीश चन्द्र श्रीवास्तव, डॉ॰ शफीउज्ज़माँ, श्री राजीव रंजन, श्रीमती वंदना तिवारी, श्रीमती रिंकू तोमर ने प्रतिभाग किया |

प्रादेशिक स्तरीय कार्यक्रम

चिन्तन दिवस कार्यक्रम

दिनांक 22 फ़रवरी 2022 को विश्व में स्काउटिंग आन्दोलन के संस्थापक लार्ड बेडेन पोवेल एवं उनकी पत्नी लेडी बेडेन पोवेल के संयुक्त जन्मदिवस के अवसर पर डॉ० प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० की गरिमामयी उपस्थिति एवं ओजपूर्ण अध्यक्षता में प्रादेशिक मुख्यालय, लखनऊ में चिंतन दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया | इस अवसर पर माननीय मुख्यायुक्त महोदय ने लार्ड एवं लेडी बेडेन पोवेल के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आरम्भ किया | तत्पश्चात प्रादेशिक मुख्यालय पर सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया जिसमें प्रादेशिक मुख्यालय के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया | प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय द्वारा लार्ड एवं लेडी बेडेन पोवेल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा ले कर हम सबको आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया |

जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की एक दिवसीय कार्यशाला

दिनांक 08 मार्च 2022 को प्रदेश स्थित जनपदों में शतप्रतिशत दलों का नवीनीकरण एवं नए दलों की पंजीकृत संख्या में वृद्धि करने के सम्बन्ध में प्रादेशिक मुख्यालय, लखनऊ में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रत्येक मण्डल से एक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अथवा (गाइड) ने प्रतिभाग किया | श्रीमती कुसुम मनराल, संयुक्त प्रादेशिक सचिव की अध्यक्षता में संपन्न कार्यशाला में जिला संगठन आयुक्त(स्काउट/गाइड) के अतिरिक्त वाराणसी/आज़मगढ़ मण्डल, मीरजापुर मण्डल, झाँसी/कानपुर मण्डल एवं गोरखपुर मण्डल से क्रमशः श्री हीरा लाल यादव, सुश्री रविंदर कौर सोखी, सुश्री पूनम संधू तथा श्री नौशाद अली सिद्दीकी ने भी प्रतिभाग किया | प्रादेशिक संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) ने भी समय समय पर अपने बहुमूल्य सुझाव एवं दिशा निर्देशन प्रदान किया | कार्यशाला में पंजीकरण की संख्या में वृद्धि कैसे की जाए, शत-प्रतिशत नवीनीकरण हेतु सुझाव, ऐसे कौन-कौन से क्षेत्र है जिनमे हम पंजीकरण करा सकते है, पंजीकरण दलों को क्रियाशील रखने हेतु सुझाव आदि विषयो पर चर्चा की गई | कार्यशाला के पश्चात रिकमनडेशन कमेटी की संस्तुतियां अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रादेशिक सचिव महोदय को प्रस्तुत की गयी |

शहीद दिवस समारोह

शहीद दिवस समारोह - दिनांक 30 जनवरी, 2022 को शहीद स्मारक स्थल लखनऊ में शहीद दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन रहे। श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव, प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (गा0) के नेतृत्व मे स्काउट/गाइड ने दीपदान द्वारा शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जनपदीय कार्यक्रम

मण्डल – आगरा

जनपद – आगरा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था आगरा के तत्वाधान में दिनाँक 2 जनवरी 2022 को "आगरा स्काउटिंग पॉइंट" ओपन यूनिटों के ट्रेनिंग सेंटर पर सुभाष चंद्र बोस जयंती और पराक्रम दिवस मनाया गया |

दिनांक 19 जनवरी 2022 से भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था आगरा द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता स्काउट, गाइड, रोवर्स, रेंजर्स के बीच कराई गई।

26 जनवरी 2022 को सेल्फी प्वाइंट पर खेरिया मोड चौराहे तथा विभिन्न विद्यालयों पर झंडा फहराने में सम्मिलित हुए आगरा जिला संस्था आगरा के पदाधिकारी एवं रोवर्स रेंजर्स | इस अवसर पर स्काउट, गाइड, रोवर्स, रेंजर्स, ने विशेष प्रस्तुतियां दी |

जनपद – फिरोजाबाद

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० जिला संस्था फिरोजाबाद के तत्वाधान में दिनांक 25 जनवरी 2022 मतदाता जागरूकता दिवस धूमधाम से मनाया गया |

जनपद - मथुरा

विश्व चिंतन दिवस के अवसर जिला संस्था मथुरा द्वारा डॉ कमल कौशिक, जिला मुख्यआयुक्त के नेतृत्व में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सीनियर स्काउट और रोवर्स ने प्रतिभाग किया और स्वयं जिला मुख्यआयुक्त डॉ कमल कौशिक ने भी रक्तदान करके इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया और सभी रोवर्स को रक्तदान करने के फायदे बताएं तथा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

जनपद – मैनपुरी

जनपद मैनपुरी के स्काउट गाइड कार्यालय पर दिनांक 25 फरवरी से 01 मार्च तक पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार जांच शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। शिविर के स्काउट की एल.ओ.सी. शशि कुमार शर्मा कानपुर से तथा एल०ओ०सी० गाइड विनीता चौधरी फिरोजाबाद से आयीं। शिविर में 29 स्काउट्स तथा 18 गाइड ने प्रतिभाग किया। अंतिम दिन शिविर सर्व धर्म प्रार्थना सभा के साथ शुरू हुआ। ध्वज शिष्टाचार के बाद ओपन सत्र हुआ जिसमें स्काउट गाइड के विभिन्न शंकाओं का समाधान, एवं स्काउट गाइड में अवसर की संभावना पर चर्चा की गयी। समापन समारोह पर संस्था के अध्यक्ष श्री हर प्रसाद यादव ने स्काउट गाइड से कहा की सही मायने में स्काउट गाइड का लाभ एक अच्छा नागरिक बन प्रदेश और देश के विकास सहयोगी बनना है । संस्था के मुख्यायुक्त

डॉ0 ए के सिंह राठौर ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप लोग स्काउट गाइड के नियम को अपने जीवन में उतारते हुए सच्चे स्वयंसेवी के रूप में आगे बढ़ अपनी अलग पहचान बनायें। समस्त जिला पदाधिकारियों ने पूर्ण लगन से अपने उत्तरदायित्वो का निर्वहन किया |

मण्डल – कानपुर

जनपद – कानपुर नगर

प्रवेश एवं निपुण प्रशिक्षण वी.एस.एस.डी. डिग्री कॉलेज कानपुर में दिनांक 23 से 27 फरवरी 2022 की अवधि में संपन्न कराया गया जिसमे जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री त्रिवेंद्र कुमार और जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती प्रीति तिवारी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वी.एस.एस.डी. महाविद्यालय के निदेशक श्री अविनाश चतुर्वेदी ने शिविर का निरीक्षण करते हुए सभी रोवर्स रेंजर्स को देशभक्ति,समय बाध्यता के लिए प्रेरित करते हुए साधुवाद दिया । जिला मुख्यायुक्त श्री आर सी शर्मा, जिला कमिश्नर स्काउट श्री गिरीश मिश्रा, जिला सचिव श्री शिवराज सिंह एवं सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मंडल सुश्री पूनम संधू द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया । इस प्रवेश एवं निपुण प्रशिक्षण के अंतर्गत सभी गतिविधियों को पूर्ण कराते हुए पैदल हाइक द्वारा पास के एक मंदिर स्थल पर ले जाया गया जहां पर सभी ने सेवा कार्य करने के पश्चात बिना बर्तन के खुले में भोजन बनाकर एक साथ आनंद की अनुभूति की।

जनपद – औरैया

जनपद औरैया में बेसिक कब मास्टर/फ्लॉक लीडर, बेसिक स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन, बेसिक रोवर लीडर/रेंजर लीडर कोर्स दिनांक 16 से 22 जनवरी 2022 की अवधि में तिलक महाविद्यालय स्टेडियम, औरैया में संपन्न कराया गया । जिसमें प्रथम दिन पंजीकरण एवं ध्वजारोहण के पश्चात मां सरस्वती के पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। जिला संस्था औरैया की अपर जिला अधिकारी एवं जिला मुख्यायुक्त श्रीमती रेखा एस चौहान ने शिविर का निरीक्षण कर सभी को मतदान देने हेतु जागरूक किया और स्काउट गाइड संस्था के सदस्यों को सेवा भाव से तत्पर और सहयोगी के रूप में अनुशासन, देश सेवा, कर्तव्यनिष्ठा के लिए साधुवाद दिया । सुश्री पूनम संधू सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर कानपुर मंडल ने अपर जिला अधिकारी एवं जिला मुख्यआयुक्त एवं सभी लीडर ऑफ द कोर्स व सहयोगियों का बहुत-बहुत स्वागत अभिनंदन किया जिला सचिव औरैया श्री नीरज चौधरी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया।

मण्डल – बरेली

जनपद – बदायूं

स्काउटिंग के संस्थापक राबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बेडेन पावेल का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ स्काउट भवन एंव प्रशिक्षण केंद्र बदायूं पर मनाया गया। सर्वप्रथम ईश वंदना की गई तदुपरांत जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सत्यपाल गुप्ता ने ध्वज फहराकर लार्ड बेडेन पावेल और लेडी बेडेन पावेल के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि बेडेन पावेल ने सेना से समाजसेवी स्काउट गाइड संस्था का श्रीगणेश किया। जिला संगठन आयुक्त स्काउट मो० असरार ने कहा कि लार्ड बेडेन पावेल व लेडी बेडेन पावेल ने अपने अथक प्रयास से मात्र 20 बच्चों से इस वर्दीधारी संगठन

की शुरुआत की जिसके मानने वाले विश्व के सभी देशों में पाये जाते हैं। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज के स्काउट्स ने प्रतिभाग कर संस्था के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया साथ ही सेवा करने का संकल्प लिया।

मण्डल – अलीगढ़

जनपद – हाथरस

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं स.नोडल अधिकारी रीतू गोयल तथा मुख्यायुक्त डॉ.ऋचा गुप्ता के निर्देशन में संत रविदास जयंती मनाई गई जिसमे धीरेंद्र प्रताप सिंह डी ओ सी ने रविदास जी के बारे में विस्तृत जानकारी दी | तत्पश्चात स्काउट को मतदाता शपथ दिलाई गई कि वो अपने परिवार के सदस्यों को जरूर वोटिंग कराए इसके उपरांत खेड़ा फिरोजपुर में मतदाता जागरूकता अभियान जिला संगठन आयुक्त के नेतृत्व में चलाया गया |

जनपद – अलीगढ़

भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 जिला संस्था अलीगढ़ के तत्वाधान में स्काउट-गाइड के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पॉवेल का जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप मे गाँधी दल (गाँधी इ०का० चंडौस अलीगढ़) के स्काउट्स द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार, स्काउट मास्टर श्री सुभाषचंद्र, यतीश कुमार, श्री दिनेश सैनी, सोनू, राजेश सविता सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

मण्डल – मेरठ

जनपद – हापुड़

दिनांक 03 मार्च 2022 को राजपूताना रेजीमेंट इंटर कालेज पिलखुआ, हापुड़ के सभागार में मेरठ मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक श्री ओंकार शुक्ल जी के द्वारा सत्र 2019 के राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र स्काउट-गाइड को देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि स्काउट और गाइड संस्था सेवा भाव की संस्था है | इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती निशा अस्थाना ने अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला आयुक्त गाइड श्रीमती पारुल त्यागी ने किया। इस अवसर पर जिला संस्था के समस्त पदाधिकारियों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया |

जनपद – मेरठ

जिला संस्था मेरठ के तत्वाधान में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें निर्देशन श्रीमती रेखा शर्मा जिला मुख्यायुक्त, श्री सुशील कुमार शर्मा जिला आयुक्त स्काउट, डा० मंजू सिंह जिला आयुक्त गाइड, डा० गौरव पाठक जिला सचिव, डा० अंशु श्रीवास्तव जिला कोषाध्यक्ष का रहा। दिनांक 12 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय युवा दिवस, दिनांक 17 जनवरी 2022 को मतदान पर वेबीनार, दिनांक 25 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस, दिनांक 26 जनवरी 2022 को गणतन्त्र दिवस, दिनांक 28 जनवरी 2022 को आजादी के अमृत मोहत्सव, दिनांक 14 फरवरी 2022 को पुलवामा शहीदो को अश्रूपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई |

जनपद – बागपत

"पर्यावरण बचाओ" कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के स्काउट्स व गाइड्स ने पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ पौधों को गोद लेने का एक कार्यक्रम श्री यमुना इ० कॉलिज बागपत में जनपद स्तर पर मनाया। वहीं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भी जनपद के स्काउट-गाइड ने जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार रैली में प्रतिभाग कर जागरूकता अभियान में प्रतिभाग किया जिसकी जिलाधिकारी महोदय ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

जिला परिषद की बैठक अध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रविन्द्र सिंह जी की अध्यक्षता में आहूत हुई।जिसमें सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा,जिला मुख्यायुक्त डॉ० वीरेन्द्र सिंह, जिला आयुक्त स्काउट श्री जयपाल शर्मा, आयुक्त गाइड श्रीमती कमलेश कौशिक, जिला सचिव श्री उमेश कुमार ,जिला कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद ,जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री अशोक बंधु भारद्वाज,जिला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती शशिबाला, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) डॉ० महेश मुछाल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती पवित्रा शर्मा सहित परिषद के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

जनपद – गौतमबुद्धनगर

भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था गौतमबुद्धनगर के तत्वाधान में स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया | एवं 26 जनवरी 2022 को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजन किये गए | जिसमे जिला संस्था के पदाधिकारियों उपस्थित रहे |

जनपद – गाज़ियाबाद

जिला संस्था गाजियाबाद के विभिन्न ब्लाकों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, गाज़ियाबाद ब्लॉक में जिला मुख्यायुक्त श्री देवेंद्र जी ने झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया | मोदी नगर में जिला सचिव श्री सतीश जी ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया | मतदाता जागरूकता रैली को जिला संस्था के डी ओ सी स्काउट श्री श्याम सिंह जी, एवं डी ओ सी गाइड श्रीमती रिंकू तोमर जी ने रैली का संचालन किया | जिला संस्था के सभी पदाधिकारियों ने मतदाता अभियान को सफल बनाने में पूर्ण मनोयोग से काम किया | स्काउट गाइड के बच्चों ने लोगो के घर घर जाकर मतदान के प्रति जागरूक किया |

मण्डल – मुरादाबाद

जनपद – बिजनौर

भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था बिजनौर और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शिविर एवं रैली ग्रामीण अंचल में आयोजित कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया | जिसका प्रभाव और परिणाम मतदाताओं के मतदान करते समय स्पष्ट दिखाई दिया | तथा जहां घर से मतदाता निकलते भी नहीं थे वहां भी कृषि कार्य बाद में पहले मतदान किया | जनपद के स्काउट/गाइड के द्वारा शहर से बहुत दूर ग्रामीण अंचल में मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया |

मण्डल – चित्रकूट

जनपद – हमीरपुर

सरस्वती विद्यापीठ महिला महाविद्यालय मौदहा हमीरपुर में भारत स्काउट और गाइड विशेष स्काउट/गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेन्द्र कुमार यादव उप जिलाधिकारी मौदहा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि “स्काउट सेवा का रंगमंच, मानवता का प्रवेश द्वार है जिसके माध्यम से आज जो प्रशिक्षु शिक्षक तैयार हो रहे है। "विशेष अतिथि डा० वन्दना कुमारी गाइड कमिश्नर व प्राचार्या राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा ने कहा कि "जनपद के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों मे नियुक्त होकर भारत के कर्णधार नौनिहालो को मानवता, प्रेम के साथ नैतिकता भी सिखायेगे । स्काउट कैम्प के लीडर ऑफ द कोर्स अकबर अली ने फ्री बीइंग मी, स्काउटिंग का इतिहास, उत्पत्ति एवं गांठ/बन्धन वर्दी, स्मार्टनेस, गुड आर्डर एवं संकेत, दिशा ज्ञान, खोज के चिन्ह, अनुमान, कैम्पिंग की जानकारी प्रदान की । इस अवसर पर अकबर अली, संदीपा कुमारी डा शक्ति गुप्ता डा० रमता सिंह अनुज शुक्ला, श्यामेन्द्र पाठक शिखा, दिनेश,प्रशंसा गुप्ता, अनन्त प्रताप सिह, सिद्धार्थ इत्यादि शिक्षक एवं शिक्षकायें उपस्थित उपस्थित रहे।

जनपद – बाँदा

दिनाँक 01 से 03 जनवरी 2022 को उप जिलाधिकारी सदर श्री सुधीर कुमार (आई०ए०एस०) के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर साइकिल हाईक का आरम्भ किया गया जिसमे जिला संस्था के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे | मतदाता जागरूकता एवं स्वच्छता साइकिल हाईक बांदा से चलकर इण्टरमीडिएट कालेज तिंदवारा, पंडित जवाहर लाल इण्टर कालेज गिरवां, राजकुमार इण्टर कालेज नरैनी, पहुंचकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विधानसभा चुनाव के लिये मतदाताओं को जागरूक एवं स्वच्छता की जानकारी देकर प्रेरित किया।

जनपद – महोबा

भारत स्काउट और गाइड, उ.प्र. जिला - संस्था महोबा का नवनिर्मित स्काउट भवन का उद्घाटन आज दिनांक 15 मार्च 2022 को मुख्यअतिथि प्रादेशिक सचिव श्री आनंद सिंह रावत जी के कर-कमलो द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्री अरविन्द कुमार श्रीवास्तव जी, जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा श्री सुरेश प्रताप सिंह जी, संस्थाध्यक्ष श्री विश्वनाथ त्रिपाठी, श्री बाबूलाल गुप्ता पूर्व मुख्यायुक्त बांदा, श्री महमूद हुसैन खान पूर्व जिला सचिव बांदा, तथा अतिथि के रूप में श्रीमती पूनम संधू, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) कानपुर मंडल, श्रीमती अवधरानी यादव, जिला आयुक्त (स्काउट) श्री राम कृपाल यादव, जिला आयुक्त (स्काउट) श्रीमती सरगम खरे, जिला सचिव बांदा श्री वाणी भूषण द्विवेदी, श्री राज कुमार प्रधानाचार्य, श्री कामदेश्वर प्रसाद त्रिपाठी, श्री जगदीश पाठक, श्री नंदराम यादव, श्री एस पी सिंह सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त चित्रकूट धाम, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री बाबूलाल कुशवाहा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती संगीता मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) अंजू प्रजापति, शिविर संचालक (स्काउट) श्री विपिन कुमार, शिविर संचालक (गाइड) लक्ष्मी साहू, कु0 प्रिया शर्मा कानपुर, जिला स्काउट मास्टर (बेसिक) शिवपाल, रामनरेश पाल, सुनील शुक्ला, एवं समस्त प्रतिभागी बेसिक स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन कोर्स आदि अन्य लोग मौजूद रहे। प्रादेशिक सचिव एवं प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट महोदय ने जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) जयप्रकाश दक्ष को हिमालय वुड बैज पार्चमेंट एवं बीड्स प्रदान किया। अंत में जिला सचिव श्री मूलचंद्र निगम ने जनपद की उपलब्धियां बताते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश दक्ष जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) महोबा द्वारा किया गया।

मण्डल – सहारनपुर

जनपद – शामली

भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था शामली के तत्वाधान में 22 फरवरी 2022 को चिंतन दिवस के अवसर पर संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल और लेडी बेडेन पावेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये |

जनपद – मुज़फ्फरनगर

भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था मुज़फ्फरनगर के तत्वाधान में दिनांक 13 जनवरी 2022 एवं 14 जनवरी 2022 में लोहडी कार्यक्रम जिला कार्यालय जैन कन्या इं0का0 में जिला मुख्यायुक्त डा0 कंचन प्रभा शुक्ला के कर-कमलों द्वारा मनाया गया एवं 14 जनवरी 2022 में मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के रोवर रेंजर स्काउट/गाइड ने प्रतिभाग किया। दिनांक 23 जनवरी 2022 को देश के महानायक सुभाषचन्द्र बोस जी के जन्म दिवस को हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। दिनांक 25 जनवरी 2022 को मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूक रैली के माध्यम से समाज के लोगों को वोट हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्री गजेन्द्र कुमार एवं

डा0 कंचन प्रभा शुक्ला जिला मुख्यायुक्त, जिला सचिव श्रीमती रेणु गर्ग, स्काउट/गाइड कमिश्नर डा0 विनोद कुमार एवं श्रीमती रजनी गोयल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को प्रारम्भ किया गया। दिनांक 26 जनवरी 2022 गणतन्त्र दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य कार्यालय में ध्वजारोहण के साथ-साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। दिनांक 30 जनवरी 2022 को देश के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर जनपद के समस्त विद्यालयों में प्रातः 11:00 बजे दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। माह फरवरी में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में स्काउट/गाइड, रोवर, रेंजर बी0एड0, बी0एल0एड0 छात्र-छात्राओं के प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। दिनांक 22 फरवरी 2022 को जनपद के समस्त विद्यालयों में स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल के जन्मदिवस को चिन्तन दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें जूनियर एवं सीनियर स्तर पर निबन्ध एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ 2019 में राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट गाइड को मैडल देकर सम्मानित किया गया एवं प्रतियोगिता में प्रतिभागी स्काउट/गाइड को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मण्डल – झाँसी

जनपद – ललितपुर

जिला संस्था ललितपुर तृतीय सोपान एवं निपुण जांच शिविर दिनांक 14 से 18 दिसंबर 2021 को सम्पन्न हुआ। इस शिविर में 80 स्काउट 30 गाइड और 21 रोवर 32 रेंजर ने प्रतिभाग किया। शिविर के प्रथम दिन प्रार्थना, नियम, झंडा गीत, प्रतिज्ञा, आंदोलन की जानकारी के बारे बताया गया और उनका टेस्ट किया गया। इसी दिन जिला चिकित्सालय के सहयोग से टी बी की बीमारी और HIV एड्स के प्रति जागरुकता और बचाव के बारे में भी बताया गया। दूसरे से चौथे दिन तक शिविर में गांठ बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, कैंपिंग, पायनियरिंग, दिशा ज्ञान, अनुमान लगाना, सिग्नलिंग, कंपास के बारे बताया गया एवं उनका टेस्ट लिया गया। अंतिम दिन लंदन से आये हुए वैज्ञानिक डॉ विकाश शर्मा जी ने Covid-19 से बचाव और सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं श्री पुष्पेंद्र चौहान द्वारा साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में प्रशिक्षक मंडल में श्री सज्जन कुमार शर्मा जी (HWB), श्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी जी, रेंजर लीडर वंदना यज्ञीक रही। शिविर में नेहरु महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अवधेश अग्रवाल, जिला कमिश्नर स्काउट डॉ ओम प्रकाश शास्त्री जी, जिला कमिश्नर गाइड श्रीमती पूनम मलिक जी, विद्यालय/ महाविद्यालयों से पधारे रोवर लीडर, रेंजर लीडर, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन आदि का विशेष सहयोग रहा। शिविर का संचालन जिला संगठन कमिश्नर स्काउट डॉ राजीव कुमार निरंजन, जिला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती मीना चौहान ने किया।

जनपद – जालौन

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में उच्च शिक्षा निदेशक महोदय के निर्देशानुसार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय अंतरविश्वविद्यालय रोवर रेंजर समागम दिनांक 27 से 29 दिसम्बर 2021 तक की अवधि में शुभारंभ दयानंद वैदिक कॉलेज उरई, जालौन में संपन्न हुआ | प्रथम दिन ध्वजारोहण एवं सलामी मंच के सामने सलामी देने के पश्चात समागम से संबंधित प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई जिसमें मार्च पास्ट, कलर पार्टी, वर्दी, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, रोलप्ले, इकोरेस्टोरेशन, प्राथमिक चिकित्सा, ऑब्जरवेशन, सेंड स्टोरी, नाट्य प्रतियोगिता, तंबू निर्माण, हस्तकला प्रदर्शनी, लोक नृत्य प्रतियोगिता इत्यादि रही। रोवर वर्ग में प्रथम स्थान स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय झांसी, द्वितीय स्थान बुंदेलखंड महाविद्यालय झांसी, तृतीय स्थान पर दयानंद वैदिक कॉलेज उरई, टीकाराम महाविद्यालय मोठ झांसी एवं मथुरा प्रसाद महाविद्यालय कोच रही । रेंजर वर्ग में प्रथम स्थान बुंदेलखंड महाविद्यालय झांसी, द्वितीय स्थान विवेकानंद महाविद्यालय झांसी तथा तृतीय स्थान पर आर्य कन्या महाविद्यालय टीम रही।

मण्डल – लखनऊ

जनपद – उन्नाव

जनपद उन्नाव के जिला मुख्यायुक्त एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री दिव्यांशु पटेल द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में स्काउट वर्दी पहनकर रैली को झंडी दिखाते हुए जनपद वासियों को यह संदेश दिया गया कि स्काउट/गाइड विश्व की ऐसी स्वयंसेवी संस्था है जो विषम परिस्थितियों में भी कार्य करना जानती हैं जिसमें युवाओं के संपूर्ण शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक पहलुओं को व्यक्तिगत और जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करने वाला एक विश्वव्यापी संस्था है। जिला सचिव राणा ऋषेन्द सिंह के निर्देशन में स्काउट/ गाइड के बच्चों ने शिक्षकों के साथ मिलकर जिले,ब्लॉक व गांव गांव जाकर जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जिससे कि लोग अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर अपने वोट की ताकत को पहचाने ।

जनपद – हरदोई

जिला संस्था हरदोई द्वारा जनपद हरदोई की समस्त तहसीलों एवं विकास खण्डों में वृहत स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिन क्षेत्रों में विगत चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था, वहाँ पर स्काउट, गाइड, रोवर और रेन्जर्स की टोलियां बनाकर डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

जागरूकता रैलियों , नुक्कड़ नाटकों, खेल प्रतिस्पर्धाओं और विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाताओं को लोकतंत्र के प्रति जागरूक कर अधिक से अधिक मतदान करने हेतु आवाह्न किया गया। दिनांक 23 फरवरी 2022 (मतदान दिवस) को जनपद में 80 मतदान बूथ क्षेत्रों में बुलावा टोली गठित की गई, जिन्होंने घरों से मतदाताओं को बुला-बुलाकर मतदान करवाया, साथ ही अन्धे, वृद्ध, दिव्यांग मतदाताओं को मतदान स्थल तक पहुंचाने का कार्य किया। जिला मुख्यायुक्त श्री वी०के० दुबे, जिला आयुक्त श्री अवधेश त्रिपाठी एवं जिला सचिव डॉ राजेश तिवारी के कुशल दिशा निर्देशन में यह कार्यक्रम चलाया गया। जिला परिषद अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री अभय शंकर गौड़ ने स्काउट गाइड वॉलिंटियर्स के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की और दूरदर्शन सहित समस्त सोशल मीडिया के चैनलों, समाचार पत्रों पर इनकी सेवाओं को स्थान दिलाया। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री आकांक्षा राणा द्वारा स्काउट गाइड के द्वारा स्वीप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने और उसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिला संगठन आयुक्त श्री रमेश चंद्र वर्मा को सौंपी गई।

छात्रों ने हस्ताक्षर अभियान से किया जागरूक

संडीला : मतदाता जागरूकता अभियान में हस्ताक्षर करते लोग। फोटो : एसएनबी

संडीला (एसएनबी)। नगर के आईआर इंटर कालेज के स्काउट छात्रों ने मुख्य चौराहे पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस अभियान से करीब पांच सौ लोगों ने जुड़कर मतदान करने की शपथ ली। कालेज के शिक्षक व उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रादेशिक महामंत्री के नेतृत्व में आओ मतदान करें अभियान के

पांच सौ लोगों ने मतदान करने की ली शपथ

अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार अंबिका चौधरी ने हस्ताक्षर कर किया। श्री चौधरी ने लोगों से आगामी 23 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान करने का अधिकार हमें संविधान ने प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि इस अधिकार के माध्यम से व्यक्ति एक सशक्त व मजबूत सरकार का चयन कर सकते हैं। हस्ताक्षर अभियान में कोतवाल वेणी माधव त्रिपाठी, व्यापारी, अधिवक्ता, पत्रकार सहित यात्रियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्काउट यूनिट प्रभारी यशवंत सिंह, सम्राट अशोक बालाराव, छात्र मौसम अब्बास, आकाश पाल, राज शर्मा, जैनब फातिमा फातिमा सहित मौजूद रहे।

जनपद – लखनऊ

दिनांक 21 फरवरी, 2022 को संस्था के अध्यक्ष/जिला विद्यालय निरीक्षक, डा0 अमरकान्त सिंह द्वारा मतदाता जागरूकता रैली को क्वीन्स इण्टर कालेज, लालबाग से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं सरंक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र, जिला मुख्यायुक्त डा0 जे0पी0 मिश्र, जिला संस्था की उपाध्यक्ष एवं पायनियर मान्टेसरी इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या शर्मीला सिंह, जिला कमिश्नर गाइड एवं शशी भूषण गर्ल्स इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या संगीता अग्रवाल तथा जिला संस्था के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

रैली में स्काउट्स और गाइड्स हाथ में लिखी हुई पाट्किाओं लिए थे तथा रास्ते में स्काउट्स और गाइड्स - "सारे काम छोडे दो, सबसे पहले वोट दो, छुट्टी नही मनाएगें वोट डालने जाएगें" - "स्काउट्स गाइड्स ने ठाना है अस्सी पार जाना है" पहले मतदान फिर जलपान" "लोकतन्त्र की यह पहचान शत प्रतिशत हो मतदान" आदि नारे लगा रहे थे।

मण्डल – मिर्ज़ापुर

जनपद – भदोही

काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में रोवर/ रेंजर समागम 2021-22 दिनांक 03 एवं 04 मार्च 2022 को आयोजित हुआ जिसमें जनपद के 04 कालेजों ने प्रतिभाग किया | समागम में कुल 19 प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चैंपियन रहा द्वितीय स्थान पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही व विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री रविंदर कौर सोखी सहायक प्रादशिक संगठन आयुक्त विंध्याचल मंडल मिर्जापुर शामिल हुई | कैंम्पफायर में बतौर मुख्य अतिथि, डॉक्टर कमाल अहमद सिद्धकी, पूर्व रोवर प्रभारी के.एन.पी.जी. कॉलेज, ज्ञानपुर शामिल हुए | समापन में मुख्य अतिथि के रुप में डॉक्टर बृज किशोर त्रिपाठी, प्राचार्य, केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय, औराई की उपस्थिति में कार्यक्रम का

रंगारंग समापन हुआ रैली संचालक के रूप में चंद्रेश राय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट जनपद भदोही उपस्थित रहे |

जनपद – मिर्ज़ापुर

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित वोट बारात को जिला अधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/ जिला मुख्य आयुक्त श्रीमती श्री लक्ष्मी वीएस उपस्थित रहीं।इस कार्यक्रम में स्काउट गाइड बैंड के साथ बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। वोट बारात कलेक्ट्रेट से प्रारम्भ होकर घंटाघर तक गई।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद शंकर सिंह, मनोज कुमार नीलम,जिला आईटी समन्वयक अमित कुमार प्राजापति, कुलदीप शुक्ला ,सुरेंद्र सिंह ,सत्यम वदा सिंह, अखलाक अहमद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन ऐतिहासिक इमारत घंटाघर मैं हुआ जहां विंध्याचल मंडल के मंडल आयुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्रा जी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया।

जनपद मीरजापुर मैं स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिन चिंतन दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर डैफोडिल पब्लिक स्कूल में सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित की गई। केबीपीजी कॉलेज मिर्जापुर में लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वनस्थली महाविद्यालय, राजकीय पी जी कालेज मगरहा, राजकीय पी जी कालेज लालगंज तथा राजकीय पी जी कालेज चुनार में भी चिंतन दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जनपद – सोनभद्र

जनपद सोनभद्र के सखी/गुलाबी/ आदर्श/ सामान्य बूथों पर जिला संस्था के तत्वावधान में व जिलाधिकारी महोदय व जिला दिव्यांग अधिकारी / नोडल के निर्देश के क्रम में स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर, वालेण्टियर, स्काउटर /गाइडर द्वारा श्री सैयद अनवर हुसैन जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट जनपद सोनभद्र के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न बूथों पर दिव्यांगजन, अषक्त, वृद्धजन आदि की सहायता की गयी |

मण्डल – बस्ती

जनपद – सिद्धार्थनगर

जनपद सिद्धार्थ नगर के बैनर तले 03 मार्च के चुनाव को मद्देनजर रखते हुए बीआरसी प्रांगण बर्डपुर में खंड शिक्षा अधिकारी श्री अनिल कुमार मिश्र की अध्यक्षता एवं श्री शैलेंद्र कुमार मिश्र प्रधानाध्यापक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, बर्डपुर के सहयोग से जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी श्री अनिल कुमार मिश्र ने रैली को रवाना किया। रैली बीआरसी प्रांगण से बर्डपुर चौक तक चली जिसमें मुख्य सहयोगी ब्लॉक स्काउट मास्टर श्री अभिषेक यादव एवं ब्लॉक गाइड कैप्टन श्रीमती चित्रलेखा जी ने भूतपूर्व योगदान दिया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूड़ा के स्काउट और गाइड के छात्रों ने विद्यालय के छात्रों के साथ मिलकर रैली की भव्यता को बनाए रखने हेतु मतदाता जागरूकता नारा कुछ इस तरह लगाया- "लोकतंत्र का भाग्य विधाता, होता है जागरूक मतदाता"। "लालच देकर वोट जो मांगे, भ्रष्टाचार करेगा आगे"। "आपका मतदान लोकतंत्र की जान" | इस अवसर पर स्काउट्स बृजेश कुमार धुरिया, श्री बलवंत चौधरी, विश्वदेव चौधरी,रेनू यादव, जुबेर अहमद, जितेंद्र शुक्ला, विजय चौधरी, प्रतिभा, नीलम यादव , आशीष चौधरी, ध्यानचंद,अनिता पाण्डेय,शालिनी बाजपेई, अभिमन्यु गुप्ता, इश्तियाक अहमद,सुनील यादव आदि उपस्थित रहे।

जनपद – बस्ती

श्रीमती सौम्या अग्रवाल, आई०ए०एस० जिलाधिकारी / अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, बस्ती के साथ अटल बिहारी प्रेक्षा गृह में स्काउट गाइड के साथ हुई विशेष बैठक में जिलाधिकारी को स्कार्फ़ और बैज लगाकर जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड), श्रीमती सत्या पाण्डेय ने स्वागत किया | बैठक में जिलाधिकारी महोदया द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में स्काउट/गाइड संगठन को सक्रीय भूमिका निभाने के लिए आह्वाहन किया | इस अवसर पर श्री हरेन्द्र प्रताप सिंह जिला सचिव, श्री कुलदीप सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) सहित संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे |

मतदान प्रतिशत बढ़ाने में स्काउट गाइड की भूमिका अहम

अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें स्काउट गाइड : जिलाधिकारी

मण्डल – आजमगढ़

जनपद – बलिया

जिला संस्था बलिया द्वारा एक दिवसीय बिगनर्स कोर्स का आयोजन कुँवर सिंह इण्टर कालेज बलिया में किया गया जिसमें बेसिक शिक्षा के निशुल्क पंजीकृत विद्यालयों के स्काउट मास्टर /गाइड कैप्टन/ कब मास्टर तथा फ्लाक लीडरों ने प्रतिभाग किया जिन्हें स्काउटिंग/गाइडिंग के समस्त गुर संक्षिप्त में बताए गए। प्रशिक्षण में जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से एक कब मास्टर, एक फलाक लीडर, एक

स्काउट मास्टर तथा एक गाइड कैप्टन ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला स्काउट मास्टर अरविंद कुमार सिंह, ट्रेनिंग काउन्सलर नफील अख्तर आजाद, जिला संगठन कमिश्नर सौरभ कुमार पाण्डेय, जिला सचिव राजेश कुमार सिंह तथा नित्यानंद पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

जनपद – मऊ

जिला संस्था मऊ के तत्वाधान में दिनांक 28.01.2022 को विगिनर्स कोर्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री देवभास्कर तिवारी जिला मुख्यायुक्त द्वारा ध्वज फहरा कर किया गया | कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश कुमार चौहान जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) मऊ व श्रीमती शशि प्रभा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड

मऊ द्वारा किया गया | उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री राजेश कुमार यादव जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), डॉ॰ घनश्याम दुवे, सहायक लीडर ट्रेनर रोवर मऊ, श्री दिनेश कुमार जिला सचिव मऊ, श्री विजय कुमार पाटिल का सराहनीय योगदान रहा । उक्त प्रशिक्षण में कुल 72 प्रतिभागियो ने प्रतिभाग किया।

मण्डल – देवीपाटन

जनपद – बलरामपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बलरामपुर के तत्वाधान में स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर ने शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली, जागरूकता अभियान चलाकर जन-मानस को जागरूक किया |

जनपद – बहराइच

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बहराइच के तत्वाधान में स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर ने शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली, जागरूकता अभियान चलाकर जन-मानस को जागरूक किया |

जनपद – गोंडा

दिनांक 26 जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस के मौके पर देवीपाटन मंडल के मंडलीय कार्यालय पर श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी में मेजर राजेश द्विवेदी जिला ने ध्वज फहराया और श्री राकेश कुमार गुप्ता सहायक प्रदेश संगठन कमिश्नर देवीपाटन मंडल ने सभी मंडल की रैली में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया | मेजर राजेश द्विवेदी जिला सचिव ने अपने संदेश में सभी को एकजुट होकर स्काउट गाइड के रूप में समाज सेवा करने का निवेदन किया और उन्होंने विश्वास दिलाया गोंडा जनपद को स्काउट गाइड के क्षेत्र में जो भी हमसे सहयोग होगा वह हम हर संभव पूरा करेंगे

मण्डल – वाराणसी

जनपद – वाराणसी

डॉ०विनोद कुमार राय जिला मुख्यायुक्त/जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी के निर्देशन में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर मतदाता जन जागरूकता रैली के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया एवं शपथ भी दिलाया गया |

जनपद – गाजीपुर

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था गाजीपुर के द्वारा दिनांक 22 फ़रवरी 2022 को "चिंतन दिवस" कार्यक्रम आयोजित किया गया |

जनपद – चंदौली

भारत स्काउट और गाइड. उत्तर प्रदेश जनपद चंदौली के तत्वाधान में आयोजित डाला छठ के अवसर पर सेवा शिविर में प्रतिभाग करते स्काउट/गाइड | कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त सैयद अली अंसारी एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड सुश्री अंजू कुमारी जनपद चंदौली ने किया | इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रविंद्र नाथ गोंड ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया |

मण्डल – गोरखपुर

जनपद – देवरिया

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था देवरिया के अंतर्गत बाबा राघव दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरिया में 22 फरवरी 2022 को चिन्तन दिवस समारोह पूर्वक आयोजित किया गया | इस अवसर महाविद्यालय के प्राचार्य आदरणीय डॉ0 शरद चंद्र मिश्र ने लार्ड बेडेन पावेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्चन और दीप

प्रज्वलित कर किया। डॉ मिश्र ने कहा कि स्काउटिंग/गाइडिंग जीवन जीने की शैली है जिसे अपनाकर युवा अपने निर्धारित लक्ष्यों को हासिल कर सकेंगे तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन रेंजर प्रभारी डॉ0 भावना सिन्हा एवं रोवर प्रभारी डॉ0 अभिनव सिंह द्वारा किया गया |

जनपद – महराजगंज

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था महाराजगंज के तत्वाधान में चिंतन दिवस स्काउट कार्यालय पर मनाया गया । जिस अवसर पर प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता,चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसका निरीक्षण जिलाधिकारी / अध्यक्ष-जिला संस्था महराजगंज ने किया| इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री नौशाद सिद्दीकी, जिला संस्था के उपाध्यक्ष श्री विमल कुमार पांडेय ,जिला सचिव श्री संजय कुमार मिश्रा, जिला कमिश्नर स्काउट/गाइड डॉ कृष्ण कुमार/ डॉ ज्योति सिंह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) श्री रामनरायन खरवार, सुश्री अदिति उपाध्याय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) श्री दीनदयाल शर्मा, श्रीमती मौसम, श्री उमेश गुप्ता, श्री शशांक, श्री सोनू नायक, श्री संजय भारती, देवानंद, रितिक, अभिषेक, रोहन आदि लोग उपस्थित रहे ।

मण्डल – प्रयागराज

जनपद – प्रयागराज

राजकीय महाविद्यालय सैदाबाद रोवर्स रेंजर्स प्रवेश/निपुण कार्यक्रम आयोजित किया गया | पांच दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स ने स्काउटिंग की विभिन्न विधाओं को सीखकर यह साबित कर दिया कि स्काउटिंग जीवन जीने की कला है।

जनपद – प्रयागराज

जिला संस्था प्रतापगढ़ के तत्वाधान में दिनांक 25 जनवरी 2022 को राजकीय इन्टर कॉलेज, प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय चिन्तन दिवस कार्यक्रम बढ़ी ही धूमधाम से आयोजित किया गया |

मण्डल – अयोध्या

जनपद – अमेठी

स्वीप कार्यक्रम' के तहत जगदीशपुर ब्लॉक में उपकार फाउंडेशन कॉलेज में भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0 द्वारा मतदाता जागरूकता रैली के आयोजन कर अपने स्लोगन और सिंघनाद के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया । जिला मुख्यायुक्त व जिला विद्यालय निरीक्षक श्री उदय प्रकाश मिश्र तथा सहायक लेखा अधिकारी/नोडल अधिकारी(स्वीप) श्री आशुतोष के दिशा निर्देशन में श्री मान सिंह जिला आयुक्त (स्का0), डॉ0 फूलकली गुप्ता जिला आयुक्त (गा0), श्री राम प्रकाश जिला सचिव जी के सहयोग से स्काउटर / गाइडर द्वारा मतदान करने हेतु लोगो को प्रोत्साहित किया गया ।

इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्का0) श्री अवनीश कुमार शुक्ल जी तथा महाविद्यालय विद्यालयों के प्रबंधक इं0 बेचू खान और प्राचार्य, समस्त अध्यापकगण और जिला संस्था के जिला संगठन आयुक्त (स्का0) शशांक यादव, सहित समस्त तहसीलों के मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षक मौजूद रहे।

जनपद – अयोध्या

मतदान करना सबसे बड़ा पवित्र कार्य है। राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को इसे अनिवार्य जिम्मेदारी समझ कर अवश्य मतदान करना चाहिए । उक्त विचार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों में प्रधानाचार्या सरिता त्रिपाठी ने व्यक्त किए । यश विद्या मंदिर द्वारा यश निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान मतदाताओं को पोस्टर, बैनर, लघु नाटिका, गीत के माध्यम से जागरूक किया गया व मतदाताओं को निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान करने हेतु व दूसरों को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान के स्किल ऑपरेशन हेड (प्राचार्य) रमेश विश्वनाथ कोटी व यश विद्या मंदिर दर्शन नगर के उप प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र वैश्य ने लोगों को मतदान की हिस्सेदारी प्रदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर राजेश कुमार ऋषि कुमार, मुकेश श्रीवास्तव, राम मूरत मौर्य, राघवेंद्र, अमर सागर, गाइड कैप्टन सुप्रिया सिंह आदि समस्त विद्यालय स्टाफ व स्काउट गाइड कब बुलबुल उपस्थित रहे। अंत में स्काउट मास्टर आदित्य श्रीवास्तव ने लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वीप कोऑर्डिनेटर अनूप मल्होत्रा ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की है।

एक प्रेरणा .....

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था गाजियाबाद की डी.ओ.सी. गाइड श्रीमती रिंकू तोमर को उनके अथक प्रयासो (पिछले 6 सालों से स्लम एरिया के बच्चों को घर जा कर उनको एजुकेशन के प्रति जागरूक करना उनको शिक्षा के मूल उदेश्य को बताना, उसके लाभ बताना, एवं उन सभी को एकत्रित कर के बेसिक शिक्षा देना) के चलते स्काउटिंग में एशिया पैसफिक रीज़न की ओर से विश्व स्तर के पुरस्कार मैसेंजर ऑफ पीस स्पेशल रिकग्नीशन अवार्ड से सम्मानित किया गया | रिंकू जी को उनके इस कार्य का मोटिवेशन उनकी माता जी से मिला | उनकी माता जी कहती है वो चाहती है कि कोई भी भारत में अनपढ़ न रहे | रिंकू जी यह कार्य ऑफिस टाइम के बाद करती है |



OUR WEBSITE

www.bsgup.org

लेख एवं कहानियाँ

साइबर सुरक्षा हेतु सर्फिंग स्मार्ट

आज के समय में इन्टरनेट का उपयोग हर छेत्र में किया जाता है | जैसे - सोशल नेटवर्किंग, ऑनलाइन शोपिंग ऑनलाइन स्टडी, ऑनलाइन जॉब, गेमिंग ,डाटा स्टोर करना आदि | जिस गति से तकनीक ने उन्नति की है उसी गति से मनुष्य की इंटरनेट पर निर्भरता भी बढी है | विमुद्रीकरण के पश्चात् बैंकिंग इंडस्ट्री में भी डिजिटल लेनदेन में वृद्धि हुई है, लेकिन साथ ही साथ विश्व में साइबर अपराधो की संख्या में भी वृद्धि हुई है |

इस लेख के माध्यम से साइबर अपराध और इससे बचाव के बारे में जानकारी देने का प्रयास किया गया है |

कंप्यूटर या नेटवर्क से सम्बंधित कोई भी अपराधिक कार्य साइबर अपराध के अन्तर्गत आता है | इसमें साइबर अपराधी इन्टरनेट माडिया जैसे- फेसबुक/इन्स्टाग्राम अकाउंट को लक्षित करते है, और किसी अकाउंट से मिलता जुलता फर्जी अकाउंट बनाकर उन लोगो को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते है,जो पहले से ही वास्तविक अकाउंट में जुड़े रहते है | एक साइबर अपराधी निम्न प्रकार साइबर अपराध करता है –

हैकिंग - इसमे साइबर अपराधी मोबाइल नेटवर्क से आपकी निजी जानकारी जैसे- नेटवर्किंग पासवर्ड, डेबिट/क्रेडिट कार्ड की जानकारी चुरा लेता है और आपको भारी नुकसान पंहुचा सकता है |

फिशिंग - इस प्रक्रिया में फर्जी ईमेल या सन्देश भेजे जाते हैं,जो भारतीय रिजर्व बैंक, प्रतिष्ठित कम्पनी, आपकी बैंक, ऑनलाइन शोपिंग कम्पनी की तरह नाम के होते है, जिससे आपकी निजी जानकारी, ईमेल आईडी पता,जन्मतिथि ,पासवर्ड ,बैंकखाता नम्बर, मोबाइल या फोन नंबर एटीएम कार्ड ,क्रेडिट कार्ड का वेलिडेशन कॉड चुराकर उसका दुरूपयोग किया जाता है |

बुलिंग- इसमें साइबर अपराधी टेक्स्ट मैसेज, ईमेल,सोशल मीडिया, प्लेटफार्म,वेबपेज,चैटरूम का प्रयोग कर डरा धमकाकर काम करवाना, बेमतलब परेशान करना, अशोभनीय बात करना, मजाक बनाना, अपमानित करना जैसे अपराधिक कार्यो को जानबूझकर करने के लिय इन्टरनेट या मोबाइल तकनीक का प्रयोग करता है |

सॉफ्टवेर पायरेसी - इसमें असली सॉफ्टवेर की नक़ल करके या संशोधन करके एक साइबर अपराधी अनधिकृत रूप से उसका दुरूपयोग करता है |इसमे सॉफ्टवेर सही काम नहीं करता तथा अन्य डाटा भी खराब हो जाता है |

वायरस अटैक - इसमे साइबर अपराधी द्वारा कुछ ऐसे सॉफ्टवेर आपके कंप्यूटर/मोबाइल नेटवर्क पर भेजे जाते है जिससे उसकी कार्य क्षमता प्रभावित होती है| इसमे वायरस वर्म, टार्जन हौर्स,लॉजिक होर्स आदि कंप्यूटर को काफी हानि पंहुचा सकता है |

फर्जी बैंक कॉल -इसमें फैक ईमेल, सन्देश या मोबाइल कॉल प्राप्त होती है जो बैंक जैसी लगती है, जिसमे आपसे एटीएम कार्ड नंबर/ पासवर्ड पूछा जाता है जिसको न बताने पर एटीएम ब्लाक या खाता बंद होने की बात कही जाती है | लेकिन बैंक द्वारा कभी भी ऐसी जानकारी नहीं मांगी जाती है |

***साइबर फ्रॉड से सुरक्षा**

• हमेशा अपनी निजी जानकारी और पासवर्ड को सुरक्षित रखें | पासवर्ड मजबूत बनाने में करेक्टर, नियुमेरिक एवं स्पेशल करेक्टर का प्रयोग अवश्य करें , कुछ अक्षर छोटे और कुछ अक्षर बड़े हो,कभी भी जन्म दिन या मोबाइल नंबर आदि को पासवर्ड न बनाये |

• किसी भी वेबसाईट को अपने कंप्यूटर या सॉफ्टवेर में इंस्टाल न करें और न ही किसी भी फेसबुक लिंक/सन्देश लिंक पर बिना सोचे समझें क्लिक करें |

• अनापेक्षित,अकारण अज्ञात ईमेल बिना पुष्टि के न खोलें और न ही उसका जवाब दें, अज्ञात ईमेल में दिए अज्ञात लिंक, जोक्स,और विडियो पर क्लिक न करें |

• पॉपअप विंडो द्वारा ड्राईवर आदि डाउनलोड न करें और फायर वाल तकनीक , प्रॉक्सी सर्वर एवं सुरक्षित राउटर कॉन्फ़िगरेशन करें |

• प्रत्येक यूजर का अलग अलग कंप्यूटर खाता हो | यूजर स्क्रीन लॉक आप्शन का प्रयोग करें तथा लोग ऑन और लोग ऑफ सिस्टम में दिए मेनू से ही करें |

• एटीएम का उपयोग करते समय किसी अनजान व्यक्ति या सुरक्षा गार्ड से सहायता स्वीकार न करें | पिन दर्ज करते समय पूर्ण सावधानी रखें ताकि आपका पिन कोई न देखे |

• आपके खाते से यदि कोई अनधिकृत रूप से लेनदेन होता है तो तुरंत अपने बैंक को सूचित करें | यह आपके कार्ड से की जा रही धोखा धडी को रोकने में मदद करता है |

• पॉइंट ऑफ़ सेल POS में दुकानदार से राशि अथवा पिन इंटर करने को न कहें | अपने मोबाइल नंबर को बैंक खाते से लिंक रखें ताकि किसी भी लेनदेन के बाद आपके मोबाइल पर प्राप्त सन्देश से तुरंत पुष्टि हो सके |

• व्हाट्सअप पर प्राप्त संदेशो को खूब सोच समझकर ही फॉरवर्ड करें

• मेट्रोमोनियल साइट्स पर जीवन साथी खोजते समय अज्ञात व्यक्ति के झांसे में आकर कोई भी पेमेंट न करें | डेटिंग एप जैसे टिंडर, क्यूटी यू ,लोवू, लोकेंटो आदि का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें |

सर्फ़ समार्ट पाठ्यक्रम में बहुत सारी आनंदप्रदायक गतिविधियाँ हैं जो देश के नौजवानों को डिजिटल कौशल विकसित करने और जागरूकता विकसित करने में सहायक है | इस पाठ्यक्रम के तीन विषय कन्नेक्ट, संरक्षण, सम्मान की जानकारी इन्टरनेट के सुरक्षित प्रयोग में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाते है

इसके अतिरिक्त साइबर फ्रॉड को रोकने हेतू उत्तर प्रदेश शासन भी प्रदेश में लगातार बढ रहे साइबर क्राइम की घटनाओ को लेकर अत्यंत सवेंदनशील हैं| इसी को लेकर अब साइबर क्राइम की शिकायत हेतू केंद्र सरकार ने सिटिजन फानेंशियल एंड रिपोर्टिंग सिस्टम के तहत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 155260 जारी किया है जिसे यू पी 112 से भी जोड़ा गया है | इसकी सहायता से ऑनलाइन फ्रॉड के अन्तर्गत रकम निकालने पर फ़ौरन इस नंबर पर शिकायत की जा सकती है |इसके तहत साइबर फ्रॉड की रकम जिस खाते में जाती है उसे तुरंत सीज कर दिया जाता है | यही नहीं यदि फ्रॉड की रकम किसी पे वालेट में जाती है तो उसे भी सीज कर दिया जाता है और किसी भी आकस्मिक हानि से बचा जा सकता है | इन्टरनेट जहाँ मानव की आवश्यकता बन गया है वही हमें इसके प्रयोग में तकनीकी जानकारी प्राप्त कर अपने आप को सुरक्षित रखना है | फर्जी इन्टरनेट मीडिया अकाउंट के माध्यम से यदि कोई आपको स्टाकिंग या बुलिंग के द्वारा प्रताड़ित करता है तो सम्बंधित प्रोफाइल के यूआरएल व् कंटेंट की स्क्रीनशॉट लेकर संरक्षित करें और इसकी सूचना अपने नजदीकी साइबर क्राइम सेल एवं भारत सरकार के साइबर हेल्पलाइन नंबर 155260 पर कॉल करें या भारत सरकार के एनसीसीआर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करायें |

जय हिन्द !
जय भारत !

अशोक कुमार
जिला स्काउट मास्टर, बिजनौर

Glimpses of Various Activities

प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार ने स्काउट एवं गाइड को किया सम्मानित

लखनऊ के जवाहर भवन में की गई थी प्रादेशिक कार्यकारणी की बैठक

लोक भारती न्यूज ब्यूरो

शिवली, कानपुर देहात। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वाधान में आयोजित प्रादेशिक कार्यकारिणी की बैठक जवाहर भवन लखनऊ में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में स्काउट एवं गाइड के क्षेत्र में अपनी लम्बी सेवाएं देने के कारण प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ प्रभात कुमार के द्वारा अंगवस्त्र, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिले से शशि कुमार शर्मा (सचिव जिला संगठन आयुक्त स्काउट) जिन्होंने अपनी 45वर्ष की सेवाएं स्काउट एवं गाइड के क्षेत्र में प्रदान की। उन्हें श्बार टू द मेडल आफ मेरिट श्से सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर अशोक कुमार अवस्थी जो मैथा क्षेत्र के बाघपुर इंटर कालेज बाघपुर में कार्यरत हैं। ने स्काउट एवं गाइड के क्षेत्र में 35 वर्ष की सेवाएं स्काउटिंग के संवर्धन में दी है। उन्हें आज प्रादेशिक कार्यकारिणी में डॉ प्रभात कुमार द्वारा श्लांग सर्विस से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान प्राप्त कर जनपद ही नहीं अपितु मंडल से स्काउट गाइड के पदाधिकारियों द्वारा बधाई संदेश प्राप्त हुये हैं। कानपुर नगर के मुख्यायुक्त डॉ आर. सी.शर्मा ने शशि कुमार शर्मा को मंडल का एक सशक्त हस्ताक्षर एवं अशोक कुमार अवस्थी को मंडल का समर्पित व्यक्तित्व संबोधित कर बधाई दी है। जिला विधालय निरीक्षक कानपुर देहात अरविंद कुमार द्विवेदी ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि कानपुर देहात की स्काउटिंग को और अधिक गतिशील बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। बधाई देने वालों में उ0प्र0 प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी, इन्द्र भूषण पटेल, वी के शर्मा, एन के सिंह गौर, कुलदीप दुबे, विनोद दुबे, डा0 योगेश मिश्र, श्रीमती कल्पना शुक्ला, समिंष्ठा मलिक, रवीश चन्द्र शर्मा, पुष्कल अवस्थी,संदीप कुमार इत्यादि गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई दी।

रोवर्स व रेंजर्स की मतदाता जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्य अतिथि डॉ. मुकुल ला...

बेडेन पावेल का जन्म दिवस मनाया गया

देवरिया | निसं

स्काउट गाइड के जनक लार्ड बेडेन की जयंती को चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। मंगलवार को विभिन्न शिक्षक संस्थाओं ... बेडेन पावेल के ... बारे में बताया। रोव... डॉ. अभिनव सिंह ... बेडेन पावेल के ... जानकारी दी।

इस मौके ... रोवर्स/रेंजर्स ने ... जागरूकता रैली ... से मुख्य अतिथि ...

ऑनलाइन कार्य मतलब, स्काउटिंग में नए युग की शुरुआत : आनन्द सिंह

बस्ती (विधान केसरी)। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के तत्वावधान में वर्चुअल ऑन लाइन कार्यशाला आयोजित की गई। जनपद बस्ती से आईटी कोऑर्डिनेटर स्काउट कुलदीप सिंह, आईटी कोऑर्डिनेटर गाइड सत्या पाण्डेय ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला को प्रादेशिक सचिव आनंद सिंह रावत और प्रादेशिक संगठन कमिश्नर गाइड कामिनी श्रीवास्तवा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अप्रैल से ऑन लाइन कार्य ... कुलदीप सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड से जुड़े सभी लोग इस नए बदलाव के प्रति उत्सुक हैं। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर सुरेश प्रसाद तिवारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड एवं आईटी कोऑर्डिनेटर गाइड सत्या पाण्डेय सहित कई जनपदों के जिला सचिव, डीओसी, आईटी कोऑर्डिनेटर ...

लांग सर्विस अवार्ड से सम्मानित किये गये जिला प्रशिक्षण आयक्त

शिवली (एसएनबी)। बाघपुर इंटर कॉलेज बाघपुर के स्काउट गाइड शिक्षक अशोक कुमार अवस्थी को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में जवाहर भवन लखनऊ मे आयोजित की गई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मे लांग सर्विस एवार्ड सम्मान से सम्मानित किया गया।

सचिव जिला संगठन आयुक्त स्काउट शशि कुमार को बार टू द मॉडल ऑफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित

जिला प्रशिक्षण आयुक्त अशोक कुमार अवस्थी को सम्मानित करते हुए प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार के द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र के साथ अंग वस्त्र भेंट किया गया। वहीं सचिव जिला संगठन आयुक्त स्काउट शशि कुमार शर्मा को बार टू द मॉडल ऑफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया। स्काउट गाइड शिक्षक को सम्मानित किए जाने पर शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है। बाघपुर इंटर कॉलेज के स्काउट शिक्षक को इससे पहले भी उत्कृष्ट कार्य के लिए कई बार सम्मानित किया जा चुका है। जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विधालय निरीक्षक कानपुर देहात अरविन्द कुमार द्विवेदी ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि कानपुर देहात की स्काउटिंग को और अधिक गतिशील बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। बधाई देने वालों में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी, इन्द्र भूषण पटेल, वी के शर्मा, एन के सिंह गौर, कुलदीप दुबे, विनोद दुबे, डा. यो... मलिक... अवस्थ...

बैठक में लांग सर्विस अवार्ड से सम्मानित जिला प्रशिक्षण आयु...

स्काउट गाइड ने जागरूकता रैली निकाली

बच्चों ने खूब लगाए नारे, पढ़े श्लोगन

बर्डपुर (एसएनबी)। लोगों द्वारा आगामी 3 मार्च को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के बैनर तले आज मतदाता रैली निकाली गई, जिसको खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्र ने रवाना किया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्र ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हम सभी को मतदान करना चाहिए। आप लोग भी अपने घर के सदस्यों के साथ-साथ अपने पास पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करे। आगामी 3 मार्च को मतदान होना है यह भी एक त्योहार है, जिस प्रकार त्योहार में हम सभी लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते है, उसी प्रकार मतदान के दिन भी हम लोगों को हिस्सा लेना है। जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार और पूर्व माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर के प्रधानाध्यापक के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली बीआरसी प्रांगण से बर्डपुर चौक तक गई, जिसमें मुख्य सहयोगी ब्लाक स्काउट मास्टर अभिषेक यादव एवं ब्लाक गाइड कैप्टन श्रीमती चित्रलेखा ने भरपूर योगदान दिया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूड़ा के स्काउट और गाइड के छात्रों ने विद्यालय के छात्रों के साथ मिलकर रैली की भव्यता को बनाए रखने हेतु मतदाता जागरूकता नारा लगाया- लोकतंत्र का भाग्य विधाता, होता है जागरूक मतदाता। लालच देकर वोट जो मांगे, भ्रष्टाचार करेगा आगे। आपका मतदान लोकतंत्र की जान। वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। हक से कहो देश हमारा है, वोट देना अधिकार हमारा है। पहले मतदान करें, फिर जलपान करें। सबकी सुनें सभी को जाने, निर्णय अपने मन का माने। जन जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है। घर-घर साक्षरता ले जाएंगे, मतदाता जागरूक बनाएंगे। इस अवसर पर बृजेश कुमार धुरिया, बलवंत चौधरी,विश्वदेव चौधरी, रेनू यादव, जुबेर अहमद, जितेंद्र शुक्ल, विजय चौधरी, प्रतिभा, नीलम यादव, आशीष चौधरी, ध्यानचंद, अनीता पाण्डेय, शालिनी बाजपेयी, अभिमन्यु गुप्त, इश्तियाक अहमद, सुनील यादव सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

मतदाता रैली निकलवाते बीईओ अनिल मिश्र। फोटो : एसएनबी

स्काउट गाइड विश्वसनीय संस्था, मतदान महापर्व में निभाएं अहम भूमिका: जिलाधिकारी

अवध नगरी संवाददाता

बस्ती। स्काउट एण्ड गाइड की विधानसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। इस महत्व को समझते हुए सभी स्काउट गाइड लोगों को अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित करें। उक्त निर्देश जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सौम्या अग्रवल ने दिया है। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में स्काउट गाइड कैप्टन, प्रधानाचार्य तथा अध्यापकगण को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि सभी विद्यालय अपने छात्र-छात्राओं की स्काउट की टीम गठित करें। उन्हें ड्रेस और स्कार्फ उपलब्ध कराये।

उन्होने कहा कि सभी मतदान बूथ वाले स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाचार्य बूथों को आकर्षक ढंग से सजाये। पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराये। उन्होने कहा कि हर तरह से उसको माडल बूथ बनावे। विद्यालय के एक कमरे को वेटिंग रूम बना दें। स्काउट गाइड की ड्यूटी लगाये, जो वहाँ मतदाताओं की मदद करें। उन्होने कहा कि स्काउट एण्ड गाइड को इथिकल मतदान कराना है। नये लोगों को प्रेरित करके अधिक से अधिक मतदान कराना है। 10 बच्चों की टोली गाँव में जाकर लोगों को मतदान के लिए बूथ पर भेजेंगी। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि सभी विद्यालय स्काउट एण्ड गाइड का समुचित गठन कर लें, रजिस्ट्रेशन करा लें। भविष्य में भी उनको ऐसे कार्यों को करना होगा।

मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि वर्तमान समय से मतदाता जागरूकता अभियान पूरी सक्रियता से संचालित किया जा रहा है। समाज का हर वर्ग जागरूकता के लिए रैली निकालकर लोगों को जागरूक कर रहा है। आगामी 03 मार्च को शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य है। इसको प्राप्त करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। स्वीप आईकान डा. श्रेया ने कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान बस्ती के सम्मान से जुड़ा हुआ है। उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि कोई भी व्यक्ति बस्ती का सम्मान झुकने नही देगा तथा शतप्रतिशत मतदान अवश्य करेंगा। जिला विद्यालय निरीक्षण डी.एस. यादव ने सभी ... स्वागत किया। बेसिक शि... अधिकारी जगदीश शुक्ल... बताया कि जिले में विभाग... 1750 स्कूलों पर बूथ ब... गये है। सभी स्कूलों ... कार्यरत प्रधानाध्याप... अध्यापक, शिक्षामि... अनुदेशक जो चुनाव ड्यूटी में ... लगे है, मतदाता जागरूकता का ... करेंगे। समारोह को अनिल श्रीवा... ने भी सम्बोधित किया। संचा... स्काउट गाइड सत्या पाण्डेय ... आशीष श्रीवास्तव ने किया।

विषम परिस्थितियों में रहना सिखाती है स्काउटिंग : अनूप मल्होत्रा

आयोजन

स्काउट और गाइड प्रशिक्षण शिविर।

ऑनलाइन कार्य से स्काउटिंग में नए युग की शुरुआत

...सी

... स्काउटिंग-गाइडिंग ... होंगे। यह इस क्षेत्र ... रुआत होगी। इससे ... तेजी से ज्यादा ...।

... और गाइड उत्तर ... मुख्यालय लखनऊ ... में शुक्रवार को ... लाइन कार्यशाला में ... र्डिनेटर स्काउट ... आईटी कोऑर्डिनेटर ... य ने यह बातें कहीं। कार्यशाला को प्रादेशिक सचिव आनंद सिंह रावत और प्रादेशिक संगठन कमिश्नर गाइड कामिनी श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट एवं आईटी कोऑर्डिनेटर कुलदीप सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड से जुड़े सभी लोग इस नए बदलाव के प्रति उत्सुक हैं। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर सुरेश प्रसाद तिवारी सहित कई जनपदों के जिला सचिव, डीओसी, आईटी कोऑर्डिनेटर भी कार्यशाला में शामिल हुए।

शिविर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

रविवार को स्काउट-गाइड के प्रशिक्षण शिविर में हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा।

बस्ती। स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण व्यक्ति को शैक्षणिक और बौद्धिक विकास करता है। यह बातें संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज द्विवेदी ने कहा। वह स्काउट भवन में मंडलीय प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रहे थे।

शिविर में स्काउट-गाइड का बेसिक, एडवांस स्काउट मास्टर, एडवांस गाइड कैप्टन कोर्स के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। सर्व धर्म प्रार्थना सभा में बस्ती, सिद्धार्थनगर और अयोध्या के प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर में सुरेंद्र यादव, नजीर मुकबिल, इशरत सिद्दीकी, किरन देवी, सत्या पाण्डेय, कुलदीप सिंह, मनोज, महेश, प्रतिमा शुक्ला, अमर चन्द्र वर्मा, भूपेश सिंह, अजय, बीपी आनन्द ने जानकारी दिया।

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH
April – 2022 (Jan-Mar 2022)
Vol. SHQ-BSGUP -004

Glimpses of activates

माननीय श्री योगी आदित्यनाथ जी को पुन: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई !!!

This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….

Please Visit & Share Our Website

www.bsgup.org

OUR SOCIAL ACCOUNTS

Like our FB Page
facebook.com/bsgup.org



Share & Subscribe our Youtube Channel
bsgup



Follow our Instagram Page
instagram.com/bsgup/

twitter...
Tweets @ BSGUP
twitter.com/bsgup

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH
State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
Email : upscoutsguides@yahoo.com
For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,